परिशिष्ट

विधान सभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 830

द्वारा माननीय विधायक श्री रामलाल रौतेल

सदन में उत्तर देने का दिनांक 28.11.2017

म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्राम चचाई, जिला अनूपपुर में 660 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना की स्थापना हेतु संभाव्यता अध्ययन (फिजिबिलिटी रिपोर्ट) एवं डी.पी.आर. तैयार करने हेतु मेसर्स डेजिन नई दिल्ली को सलाहकार नियुक्त किया गया है। सलाहकार द्वारा संभाव्यता अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके तहत्, सेवानिवृत अमरकंटक ताप विद्युत गृह क्रमांक 1 एवं 2 के स्थान पर सुपर क्रिटिकल तकनीक आधारित 1x660 मेगावाट क्षमता की ताप विद्युत इकाई की स्थापना किया जाना है। सलाहकार द्वारा प्रस्तुत संभाव्यता अध्ययन का म.प्र.पॉ.जन.कं.लि. के संचालक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। तद्नुसार सलाहकार, मेसर्स डेजिन को 1x660 मेगावॉट इकाई की स्थापना किये जाने बाबत् डी.पी.आर. तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया है।

परियोजना से संबंधित टी.ओ.आर. के अनुपालन एवं स्वीकृति, पर्यावरण प्रभाव आंकलन (ई.आई.ए) के अध्ययन तथा पर्यावरण एवं वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने हेतु मेसर्स रामकी इन्वायरो सर्विसेस प्रा.लि., हैदराबाद को परामर्शदाता नियुक्त किया गया है। परामदर्शदाता द्वारा संदर्भित कार्य डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डी.पी.आर.) के स्वीकृत होने उपरांत प्रारंभ किया जावेगा।

अनुभाग अधिकारी
म.प्र. शासन, ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, भोपाल